(b) the amount of loss caused to the Mahanagar Telephone Nigam Limited (MTNL) as a result thereof;

(c) the reasons for not setting the telephones in order within a period of one week; and

(d) the action taken to ensure that the telephone users are not unduly harassed and put to inconvenience as a result of delay in setting their telephones in order?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) 25 Telephones remained out of order for more than one week.

(b) Estimated loss on this account is Rs. 1300/- approximately due to rebate in rental. The loss due to non-usage of telephone during the period cannot be estimated.

(c) These telephones were affected by cable breakdown which takes time in rectification. Also after the clearance of cable breakdown scattered faults affected the telephones leading to delayed restoration.

(d) Cable breakdowns are attended round the clock under the direct supervision of officers and monitored at highest level of management. All possible efforts are made to set right the faulty telephones as speedily as possible.

विदेशी कम्पनियों और दूरसंचार विभाग के बीच समझौते

1897. **मौलाना मोबेदुल्ला खान आजमी :**

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दूर संचार विभाग ने पिछले दो वर्षों के दौरान और आज की तारीख तक विदेशों और विदेशी कपनियों के साथ अनेक समझौते किये हैं ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्योरा क्या है; और

(ग) इन समझौतों के नियम और शर्तें क्या हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम : (क) जी हां ।

(ख) ब्यौरे निम्नलिखित हैं :

—दूरसंचार के क्षेत्र में सहयोग के लिए भारत सरकार और कुवैत सरकार के बीच समझौता—ज्ञापन ।

—भारत गणराज्य तथा नामीबिया गणराज्य के बीच समझौता ज्ञापन ।

—नई दिल्ली में 24–26 नवबर, 92 को आयोजित डाक व दूरसंचार पर भारत-कांसीसी एक्सपोरियल समूह की बैठक की संयुक्त विज्ञप्ति ।

—दूरसंचार के क्षेत्र में सहयोग के लिए भारत गणराज्य और उज़बकिस्तान गणराज्य के बीच समझौता ज्ञापन ।

(ग) इन करारों में दूरसंचार के क्षेत्र में पारस्परिक सहमति के आधार पर निम्नलिखित गतिविधियों के द्वारा घनिष्ठ सहयोग की परिकल्पना की गई है :

—पारस्परिक दौरे और विशेषज्ञों का आदान-प्रदान ।

—सूचना और प्रकाशन का आदान-प्रदान ।

—संयुक्त अनुसंधान और विकास संबंधी गतिविधियां ।

—संयुक्त उद्यम लगाने की संभावना ।

—संयुक्त अध्ययनों, गोष्ठियों इत्यादि का आयोजन ।